# ISWK SHARING KNOWLEDGE

## Class-VI

## Subject- Hindi Second Language

## Topic- व्याकरण (Grammar)

मुहावरे , पर्यायवाची , विलोम , लिंग

• By-Chitra

©ISWK


# मुहावरे

Idioms

साधारण वाक्य --- छोटे बच्चों ने राधा को परेशान कर दिया |


छोटे बच्चों ने राधा की नाक में दम कर दिया |

मुहावरा --- ऐसा वाक्यांश जो अपने साधारण अर्थ को छोड़कर किसी विशेष अर्थ को व्यक्त करे उसे मुहावरा कहते हैं।



मुहावरा - नाक में दम करना

अर्थ- परेशान कर देना |



मुहावरा - अँगूठा दिखाना



अर्थ -- मना करना

साधारण वाक्य – जब मैंने मोहित से पैसे माँगे तो उसने <u>मुझे मना कर दिया</u> |

मुहावरे का वाक्य में प्रयोग – जब मैंने मोहित से पैसे माँगे तो उसने <u>मुझे अँगूठा दिखा दिया</u> |

मुहावरे का वाक्य में प्रयोग – मैंने सीता से उसका नया खिलौना माँगा लेकिन उसने <u>मुझे</u> <u>अँगूठा दिखा दिया |</u>



मुहावरा -दुम दबाकर भागना

अर्थ- डरकर भाग जान
|



साधारण वाक्य – पुलिस को देखते ही चोर डरकर भाग गया |

मुहावरे का वाक्य में प्रयोग – पुलिस को देखते ही चोर **दुम दबाकर भाग गया |**





वाक्य – जब मीत ने भूत देखा तो वह दुम दबाकर भागने लगा |

मुहावरा -भीगी बिल्ली बनना






अर्थ- डर कर चुपचाप बैठना |

मुहावरे का वाक्य में प्रयोग – माँ के पूछने पर केशव भीगी बिल्ली बना खड़ा रहा |

**प्रश्न 1-** दिए गए मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए |

1. मुँह में पानी आना-

अर्थ-ललचा जाना

–चॉकलेट देखकर बच्चे के मुँह में पानी आ गया ।

2. आँखों में धूल झोंकना

अर्थ- धोखा देना

वाक्य – चोर पुलिस की आँखों में धूल झोंक कर भाग गया |

3. आसमान सिर पर उठाना -

अर्थ-बहुत शोर करना

वाक्य – अध्यापिका के कक्षा से जाते ही छात्रों ने आसमान सिर पर उठा लिया।

4. कहासुनी हो जाना -

अर्थ- झगड़ा होना

वाक्य – आज मीना की रीता से कहासुनी हो गई इसलिए वह बहुत दुखी है |

5. गले का हार

अर्थ - बहुत प्रिय

वाक्य – बच्चे माता – पिता के गले का हार होते हैं।

6. हवा से बातें करना

अर्थ- बहुत तेज भागना

वाक्य- महाराणा प्रताप का घोड़ा चेतक तो हवा से बातें करता था ।

7. ज़मीन-आसमान एक करना

अर्थ- बहुत परिश्रम करना

वाक्य – परीक्षा में अच्छे अंक पाने के लिए विद्यार्थी जमीन-आसमान एक कर देते हैं।

8. जी चुराना -

अर्थ- काम में मन न लगना

वाक्य – जो लोग काम से जी चुराते हैं, वे कभी सफल नहीं होते।

## व्याकरण भाग :-

## पर्यायवाची ( Synonyms )

**पर्यायवाची शब्द का अर्थ :-**

पर्याय का अर्थ है समान

वाची का अर्थ है बोले जाने वाले ।

जिन शब्दों का अर्थ एक जैसा होता है उन्हें पर्यायवाची शब्द कहते हैं। या एक समान अर्थ वाले शब्दों को पर्यायवाची कहते हैं।

जैसे कि :-

सूर्य - दिनकर , रवि , भानु , भास्कर , दिनेश

रात्रि - रात , निशा , रजनी

कमल - जलज , नीरज , सरोज

आदमी - मानव , नर , मनुष्य

उदाहरण

रिक्त स्थानों में उचित पर्यायवाची शब्द भरिए:-

1 - --- शेर--- जंगल का राजा है । (सिंह)

2 - हमें अधिक-- वृक्ष--- लगाने चाहिए। (पेड़)

3 - काले--- बादल-- छा गए हैं । (मेघ)

4 - मुझे गुलाब का -- फूल--- बहुत पसंद है । (पुष्प)

5 - आज का --- दिवस --- बहुत सुहाना है । (दिन)

**प्रश्न 2- निम्नलिखित शब्दों के दो- दो पर्यायवाची लिखिए:-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 - | कमल | - | जलज , | नीरज , | पंकज |
| 2 - | वृक्ष | - | पेड़ , | विटप , | तरु |
| 3 - | हाथी | - | गज , | नाग , | कुंजर |
| 4 - | दूध | - | दुग्ध , | गोरस , | पय |
| 5 - | दिन | - | दिवस , | वासर , | वार |
| 6 - | मित्र | - | सखा , | दोस्त , | साथी |
| 7 - | सोना | - | कनक , | कंचन , | स्वर्ण |
| 8 - | आकाश | - | गगन , | नभ , | आसमान |

# विलोम शब्द Opposite words

किसी शब्द का विपरीत या उल्टा अर्थ देने वाले शब्दों को विलोम कहते हैं |

जैसे कि –

अच्छा - बुरा

प्रकाश - अंधकार

लायक- नालायक

धनी - निर्धन

सुख - दुःख

भय - निर्भय

भारी - हलका

**प्रश्न- 3 निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 - | देव | – | दानव |
| 2 - | आदि | – | अंत |
| 3 - | गरमी | – | सरदी |
| 4 - | हिंसा | – | अहिंसा |
| 5 - | आग | – | पानी |
| 6 - | छोटा | – | बड़ा |
| 7 - | दिन | – | रात |
| 8 - | विश्वास | – | अविश्वास |
| 9 - | अच्छा | – | बुरा |
| 10 - | आज | – | कल |

# लिंग - Gender

अक्षत और नीतू भाई - बहन हैं। वे दोनों अपने माता- पिता और चाचा - चाची के साथ चिड़ियाघर देखने गए। वहाँ पर उन्होंने हिरण - हिरणी और शेर- शेरनी को देखा।

परिभाषा –जिस शब्द से किसी के पुरुष जाति के जा फिर स्त्री जाति के होने का बोध होता है उसे लिंग कहते हैं। इसमें केवल व्यक्ति ही शामिल नहीं होते बल्कि पशु- पक्षी और वस्तुएँ भी शामिल होतीं हैं :-
जैसे कि:- पिता , माता , पेड़ , घड़ी , रामायण आदि ।

## लिंग दो प्रकार के होते हैं 1 पुल्लिंग 2 स्त्रीलिंग

1 पुल्लिंग - जिन शब्दों से पुरुष जाति का बोध होता है उन शब्दों को पुल्लिंग कहा जाता है। जैसे कि :-

पिता , राजा , घोड़ा , बंदर , मेज आदि।

कुछ और उदाहरण-

1 - पर्वत बहुत ऊँचा है।
2 - जहाज डूब गया है।
3 - कुत्ता बहुत वफादार है।
4 - यह डिब्बा मेज पर रख दो।

2 स्त्रीलिंग - जिन शब्दों से स्त्री जाति का बोध होता है उन शब्दों को स्त्रीलिंग कहा जाता है। जैसे कि-

माता , रानी ,लकड़ी , बकरी आदि।

कुछ और उदाहरण-

1 - किताब बहुत पुरानी है।
2 - लड़की घर से निकल आई है।
3 - यह मीता की कलम है।
4 - रानी बहुत दयालु है ।

## रिक्त स्थानों में उचित लिंग शब्द भरिए:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 - | ------ नाच रहा है । | ( मोर , मोरनी) |
| 2 - | मंच पर --------खड़ी है। | ( गायक ,गायिका) |
| 3 - | राम ने -------पहना है। | ( कोट , पैंट ) |
| 4 - | सड़क पर -----खड़ी है। | ( बस , ट्रक ) |
| 5 - | यह बड़ा ------- है । | ( मेज , कुर्सी ) |
| 6 - | -------- काली होती है। | ( कोयल , कौआ) |

प्रश्न 4 – निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए:-

| पुल्लिंग | - | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|
| 1 दादा | - | दादी |
| 2- राजा | - | रानी |
| 3 - भाई | - | बहन |
| 4 - मोर | - | मोरनी |
| 5 - नौकर | - | नौकरानी |
| 6 - गुणवान | - | गुणवती |
| 7 - लड़का | - | लड़की |
| 8 - माली | - | मालिन |
| 9 – मौसा | - | मौसी |
| 10 - शेर | - | शेरनी |